>

Title : Need to take steps for the rehabilitation of people displaced due to setting up of Bagmati Irrigation project in Sitamarhi district, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर अंतर्गत सीतामढ़ी जिले में स्थित बागमती सिंचाई परियोजना से विस्थापित परिवारों को कई साल बीत जाने के बाद अभी तक पुनर्वास सुविधायें नहीं दी गई हैं। इसमें से बैरगेनिया ब्लाक के मसहा आलम ग्राम के 452 विस्थापित परिवार दस साल से ज्यादा समय से बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं एवं सारे परिवार रेलवे लाइन के पास बिना घरों के रहने के लिए मजबूर हैं और सुप्पी प्रखंड के रामपुर कंठ ग्राम के 134 परिवार भी 2007 से बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। इस प्रखंड के परिवार तो बांध के पास खुले में रह रहे हैं। पुनर्वास की सुविधा के अभाव में इन परिवारों के बच्चे शिक्षा से वंचित हैं एवं इन परिवारों को बरसात एवं ठंड के दिनों में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन परिवारों को बिना घर के रहना पड़ रहा है।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि उपरोक्त विस्थापित परिवारों को पुनर्वास की सुविधा तत्काल दी जाये।